उत्पादों को मिलेगी पहचान

NEW DELHI (9 March): एच जी एच इंडिया यूपी के स्पेशलाइज्ड प्रोडक्ट्स को एक प्लेटफॉर्म प्रदान कर रहा है. कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रूंगटा ने यूपी के उपलब्ध अवसरों की समीक्षा की. एच जी एच इंडिया मुंबई में 2 से 4 जुलाई को एसजीएच इंडिया के आठवें एनुअल बिजनेस मेले का आयोजन करने जा रहा है, जहां इन प्रोडक्ट्स की पेशकश की जाएगी. इनमें लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क, सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी, फिरोजाबाद के कॉंच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे कानपुर के चमड़े के उत्पाद और आगरा का संगमरमर के सामान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है. इन सभी को इस मेले में जगह मिलेगी. रूंगटा ने कहा कि देश की 10 करोड़ मध्यमवर्गीय आबादी टियर 2 शहरों में रहती है. इसलिए ये शहर बड़े रिटेलर्स के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गए हैं. उत्तर प्रदेश रिटेलर्स एवं होल सेल इन क्षेत्रों की वर्ल्ड क्लास एवं लेटेस्ट प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एचजीएच इंडिया से व्यावसायिक खरीदारी कर सकते हैं.